उप पंजीयक अशोक सिंह बर्खास्त

महानिरीक्षक पंजीयन मप्र . भोपाल ने की कार्रवाई, कलेक्टोरेट में हड़कंप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। कलेक्ट्रोरेट के उप पंजीयक दफ्तर में करीब एक दशक से पदस्थ चर्चित उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार को महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने सेवा से पृथक कर दिया है। उप पंजीयक का यह कर्रवाई 26 जनवरी 2001 या उसके पश्चात तीसरी संतान होने के कारण की गई है। इस कार्रवाई से कलेक्ट्रोरेट एवं पंजीयक कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है।

दरअसल कलेक्ट्रोरेट सिंगरौली के उप पंजीयक कार्यालय में अशोक सिंह परिहार पिछले करीब एक दशक से पदस्थ हैं। जहां उप पंजीयक पर एक नही अनेको गंभीर शिकायते भी हैं। चर्चा है कि उप पंजीयक के खिलाफ विकलांग प्रमाण पत्र

से लेकर सेवा प्रदाताओं से सीधे अपने खाते में राशि लेने सहित कलेक्टर के द्वारा प्रतिबंध लगाने के बावजूद भूमियों की रजिस्ट्री, पश्चिम बंगाल प्रांत के कलकत्ता के फर्जी पावर ऑफ एटार्नी के बगैर जांच-पड़ताल किये रजिस्ट्री कर कर दिये जाने, समेत अन्य कई गंभीर शिकायते हैं। वहीं 26 जनवरी 2001 के बाद तीसरी संतान पैदा होने की भी शिकायत की गई थी। महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल के अलावा अन्य विभाग के प्रमुख अधिकारियों के यहां शिकायत की गई थी कि उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार के तीसरी संतान पुत्र अभिषेक सिंह का जन्म 19 नवम्बर 2003 को हुई थी और उप पंजीयक ने अपने स्पष्टीकरण में जांच समिति को अवगत भी कराया था। विभागीय जांच अधिकारी द्वारा जांच पूर्ण कर प्रतिवेदन 9 दिसम्बर 2025 को प्रेषित किया था, जिसमें आरोप प्रमाणित पाया गया। अशोक सिंह परिहार उप पंजीयक की शासकीय सेवा के दौरान तीन संतानो का जन्म हुआ है। इसी के आधार पर महानिरीक्षक पंजीयन भोपाल अमित तोमर ने उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार का सेवा समाप्त कर दिया है।

विकलांग प्रमाण पत्र की भी भोपाल स्तर से हो जांच : राजेश

आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव राजेश सोनी ने कहा कि उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार के विकलांग प्रमाण पत्र गलत है। तीन वर्ष पूर्व संयुक्त जांच टीम ने पाया था कि उप पंजीयक का विकलांग प्रमाण पत्र सिविल अस्पताल भोपाल से बना है। मेडिकल बोर्ड के द्वारा नही बनाया गया है। उक्त प्रमाण पत्र के जांच के लिए भोपाल पत्राचार भी किया गया। उन्होंने कहा कि भोपाल स्तर से जांच हो। राजेश सोनी ने यह भी आरोप लगाया है कि पिछले 10 साल में सिंगरौली को जमकर लूटा गया है। नियम-कानून की धज्जियां उड़ाई गई हैं। इन्हीं कारनामों के चलते 2023 में निलंबित हो चुके थे और इस बार सिंगरौली से ही बर्खास्त हो गये।

झपरहवा रजिस्ट्री का मामला अभी भी है जिंदा

चितरंगी क्षेत्र के अभ्यारण्य बगदरा के भूमियों के क्रय-विक्रय, नामांतरण पर प्रमुख सचिव म.प्र. भोपाल के निर्देश पर 11 मई 2022 को तत्कालीन कलेक्टर के द्वारा रोक लगा दिया गया। इसके बावजूद उप पंजीयक ने 1 जून 2022 को झपरहवा गांव की 30 एकड़ भूमि की रजिस्ट्री संजय कुमार जायसवाल एवं उनकी पत्नी के नाम कर दिया था। मजे की बात है कि भूमि विक्रेता भी फर्जी थे। मामला उजागर होने पर कोतवाली बैढ़न ने एक साल बाद 8 अगस्त 2023 को फरियादी संजय जायसवाल के रिपोर्ट पर पटवारी सहित विक्रेता एवं गवाहों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। परंतु उप पंजीयक पर कोतवाली पुलिस मेहरवान हो गई। फिर भी फरियादी न्याय के लिए महानिरीक्षक भोपाल, आईजी रीवा के यहां अभी भी चक्कर लगाते हुये उप पंजीयक अशोक सिंह परिहार को भी अपराधी बनाए जाने की मांग किया जा रहा है।

विकास और पुनर्वास साथ-साथ : शाह

विधायक ने जपं के विकास कार्यों की समीक्षा कर प्रस्तावित कार्यों का किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। बैढ़न में प्रस्तावित जनपद पंचायत भवन के निर्माण को लेकर आज शुक्रवार को सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने चिन्हित भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने भूमि पर किए गए अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भूमि पर निवास कर रहे लोगों को हटाने की प्रक्रिया मानवीय दृष्टिकोण के साथ पूरी की जाए तथा उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उचित एवं वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराया जाए। विधायक ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के साथ प्रभावित परिवारों के हितों की सुरक्षा भी प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के बाद आयोजित समीक्षा बैठक में जनपद पंचायत भवन निर्माण की प्रगति, आवश्यक व्यवस्थाओं और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने निर्माण कार्य को गुणवत्ता और समय-सीमा के अनुरूप पूरा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिल पंचायत सीईओ जगदीश गोमे, एसडीएम सुरेश जादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों की जानकारी देते हुए आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए।

एक नजर में

कलेक्टर ने मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक लगाया प्रतिबंध

सिंगरौली। कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन घोषित किया गया है। इन दो महीने की अवधि में जिले की समस्त नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि में यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का जुर्माना या छः महीने की सजा या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

मतदाता सूची पुनरीक्षण दावे-आपत्तियां 15 तक

सिंगरौली। नगर पालिकाओं और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले के सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने, सुधार करने और अपात्र नामों को हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, मतदाता सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। कलेक्टर गौरव बैनल ने जिले की नगर निगम और ग्राम पंचायतों में इस संशोधित कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदान के अधिकार से वंचित न रहे। अभियान के तहत यदि किसी पात्र नागरिक का नाम फोटोयुक्त मतदाता सूची में छूट गया है, तो वे अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

कुल्हुई के सड़क हादसे में युवक घायल

सिंगरौली। माड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हुई में गुरुवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान अशोक कुमार प्रजापति के रूप में बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के साथ क्षत्रिय कुलावंत संगठन के कार्यकर्ता तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जानकारी के अनुसार रात करीब 12 :30 बजे हुई इस घटना में युवक के सिर में गंभीर चोट आई थी और काफी खून बह रहा था। ऐसे समय में क्षत्रिय कुलावंत संगठन के सक्रिय सदस्य भाई महेश सिंह, भूपेंद्र सिंह तथा संगठन के सहयोगी साथी राजेश विश्वकर्मा ने असाधारण तत्परता का परिचय दिया।

एसपी ने 18 नव आरक्षकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

सिंगरौली। म.प्र. शासन द्वारा पुलिस विभाग में पुलिस बल को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से संचालित आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला सिंगरौली में नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाने का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में आज 12 जून को एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सियाज केएम द्वारा 18 नव चयनित आरक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले नव आरक्षकों का स्वागत करते हुए उन्हें पुलिस सेवा के दायित्वों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। वर्ष 2025 की आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला सिंगरौली को कुल 198 नव आरक्षक प्राप्त हुए हैं। चयनित अभ्यर्थियों के चिकित्सीय परीक्षण, चरित्र सत्यापन एवं अन्य विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत उन्हें चरणबद्ध रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। आज 18 नव आरक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने के साथ ही जिले में अब तक कुल 136 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। शेष चयनित अभ्यर्थियों की विभागीय औपचारिकताएं पूर्ण होते ही उन्हें भी नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

गड़ेरिया टोल प्लाजा पर उड़ती राखड़ से बढ़ी परेशानी

राहगीरों और दोपहिया चालकों पर मंडरा रहा खतरा

नवभारत न्यूज

बरगवां 12 जून। बरगवां थाना क्षेत्र के गड़ेरिया टोल प्लाजा के पास राखड़ और डस्ट लोड हाईवा वाहनों के आवागमन से आमजन की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। आरोप है कि कई वाहन बिना तिरपाल ढके ही राखड़ और डस्ट का परिवहन कर रहे हैं, जिससे मुख्य मार्ग पर धूल का गुबार छाया रहता है।

स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क से गुजरने वाले इन भारी वाहनों से उड़ने वाली राखड़ के कारण दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और आसपास के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण आंखों में जलन, सांस लेने में परेशानी और सड़क पर दृश्यता प्रभावित हो रही है। इससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। लोगों का आरोप है कि कुछ वाहन निर्धारित परिवहन नियमों का पालन किए बिना ओवरलोड और बिना तिरपाल के संचालित किए जा रहे हैं। इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें सड़क पर उड़ती राखड़ साफ दिखाई दे रही है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस और जिला प्रशासन से मांग की है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा राखड़ और डस्ट के परिवहन में तिरपाल का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

समिति के सभी सदस्यों को रोजगार का एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा : गौरव

कलेक्टर की मछुआ समिति के सदस्यों के साथ हुई बैठक के परिणामस्वरूप तियरा तालाब प्रोजेक्ट पर चर्चा

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। कलेक्टर गौरव बैनल एवं जीएम सीएसआर एनसीएल राजीव रंजन के द्वारा तियरा ग्राम पंचायत स्थित गर्रा सिंचाई जलाशय का भ्रमण किया गया।

कलेक्टर द्वारा मछुआ समिति के सदस्यों के साथ विगत दिवस बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मछली पालन सह-पर्यटन के संबंध में प्रस्ताव मांगे गए थे। जिसके फलस्वरूप आज स्वयं कलेक्टर बैनल ने गर्रा जलाशय पहुंचकर तियरा जल विहार एवं मत्स्य पालन के प्रस्तावित प्रोजेक्ट का अवलोकन किया। प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कलेक्टर ने

आदिवासी मछुआ सहकारिता समिति तियरा द्वारा किए जा रहे मछली पालन एवं प्रस्तावित जल विहार को पर्यटन एवं मछली उत्पादन का एक बेहतरीन संगम बताया।

साथ ही यह भी कहा कि शीघ्र ही समिति के सभी सदस्यों को रोजगार का एक अच्छा अवसर प्राप्त होगा। समिति के सदस्यों द्वारा बताया गया कि इस प्रोजेक्ट के माध्यम से तालाब में आधुनिक केज कल्चर तथा अन्य तकनीकों के माध्यम से मछली उत्पादन किया जाएगा। इसी के साथ ही बतख पालन कर समिति की आय को भी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। प्रस्तावित प्रोजेक्ट में पर्यटन को मद्देनजर रखते हुए तालाब की अधोसंरचना का विकास किया जाएगा, जिसमें रिक्रिएशनल थीम पर आधारित पाथ-वे, प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद उठाने के लिए बैठक व्यवस्था, बोटिंग एक्टिविटीज तथा अन्य सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुराचार

सिंगरौली 12 जून (एनबीएन)। माड़ा थाना क्षेत्र के एक युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने पिछले कई महीनों से दुराचार करता आ रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दिया है। 18 वर्षीय युवती का आरोप है कि यशवंत यादव पिता काशी यादव निवासी माड़ा ने पिछले वर्ष से शादी का झांसा देकर दुराचार करता रहा। पीड़िता के रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

पुनर्स्थापना समिति के आरोप निराधार है : निरंजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। विस्थापन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों के बीच एनसीएल प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुए पुनर्स्थापना समिति के आरोपों को निराधार बताया है।

एनसीएल के महाप्रबंधक पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना निरंजन रुक्मांगद ने कहा कि मुआवजा भुगतान एनसीएल बोर्ड द्वारा अनुमोदित गाइडलाइन्स के अनुसार किया जा रहा है तथा पात्रता सिद्ध करने के लिए आवश्यक दस्तावेज लिए जा रहे हैं। जीएम ने स्पष्ट किया कि ड्रोन सर्वे सभी मंचों एवं स्थानीय



जनप्रतिनिधियों की सहमति से कराया गया था तथा इसके लिए आवश्यक शासकीय अनुमति भी उपलब्ध है।

पुनर्स्थापना समिति द्वारा लगाए गए भ्रष्टाचार और पैसे लेने के आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए निरंजन रुक्मांगद ने कहा कि यह आरोप पूरी तरह मनगढ़ंत हैं। उन्होंने बताया कि चर्चा के दौरान आरोप लगाने वालों से प्रमाण मांगे गए थे, लेकिन वे कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ आरोप प्रमाणित होते हैं तो एनसीएल संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि विस्थापन एवं मुआवजा वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और प्रभावित परिवारों के अनुकूल रखी गई है।

स्व रोजगार के लिए एक सैकड़ा महिलाओं का चयन

सिंगरौली 12 जून (एनबीएन)। कलेक्टर ने ग्राम जीर में आयोजित रात्रि जन चौपाल का सकारात्मक असर सामने आया है। जन चौपाल के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने आजीविका संवर्धन एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में बकरी पालन, मुर्गी पालन एवं सिलाई प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। महिलाओं की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर गौरव बेनल ने उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष पहल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ग्राम जीर के पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया।

एनटीपीसी सिंगरौली में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक का दौरा

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 12 जून। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर एवं एनएसपीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिवाकर कौशिक का 11 एवं 12 जून को एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना का दो दिवसीय दौरा सम्पन्न हुआ।

इस दौरान उन्होंने परियोजना की प्रमुख प्रचालन गतिविधियों, अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों, कर्मचारी कल्याण पहलों तथा सीएसआर कार्यक्रमों का अवलोकन किया और अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित किया। दौरे के दौरान श्री कौशिक ने

परियोजना के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें स्टेज-3 परियोजना क्षेत्र, एफजीडी क्षेत्र, यूनिट-1 नियंत्रण कक्ष तथा स्टेज-1 कोल स्टैक यार्ड प्रमुख रहे। उन्होंने संयंत्र के संचालन, रखरखाव, पर्यावरणीय अनुपालन एवं क्षमता संवर्धन से संबंधित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा उत्कृष्ट प्रचालन मानकों को बनाए रखने पर बल दिया। वहीं श्री कौशिक ने परियोजना में नवस्थापित आईटी कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया।

मप्र . तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष का एक दिवसीय दौरा आज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। म.प्र. तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण भोपाल के अध्यक्ष विनोद गोटिया कल सुबह बैढ़न आएंगे। जहां सुबह 10 बजे भाजपा नेता एवं पूर्व पार्षद डीएन शुक्ला के घर जाएंगे।

जानकारी के अनुसार म.प्र. तीर्थ- स्थान एवं मेला प्राधिकरण भोपाल के अध्यक्ष विनोद गोटिया भोपाल से चलकर जबलपुर होते हुये शनिवार की अल सुबह 4:55 बजे रेलवे स्टेशन सिंगरौली पहुंचेंगे। इसके बाद विंध्याचल सूर्या भवन पहुंच सुबह

10 बजे स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होते हुये भाजपा नेता डीएन शुक्ला के घर जाने के बाद शाम 7 बजे भोपाल के लिए रवाना हो जाएंगे।

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने जेल में भेंट की पुस्तकें

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। जिला जेल पचौर पुस्तकालय को इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा प्रेरणादायी ज्ञानवर्धक 61 पुस्तके में प्रदान की गयी।

उक्त पुस्तकों में समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान, शिक्षा एवं सकारात्मक विचारों का प्रसार करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल बंदियों के बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

यह कार्य रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के प्रेसिडेंट एवं कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशानुसार संपन्न

किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा हिंदी साहित्य, प्रेरक प्रसंगों, महान विभूतियों की जीवनियों, आत्मकथाओं, सकारात्मक चिंतन, व्यक्तित्व विकास तथा आध्यात्मिक विषयों से संबंधित पुस्तकों से कैदियों में सकारात्मक प्रवर्तन आ सके। यह कार्यक्रम संयुक्त कलेक्टर सौम्या मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली के चेयरमैन एसडी सिंह एवं सचिव डॉ. ओपी राय विशेष रूप से मौजूद रहे।

नो-एंट्री में घुसे तीन हाइवा 15 हजार का चालान

सिंगरौली 12 जून (एनबीएन)। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए खुटार पुलिस द्वारा नो-एंट्री का उल्लंघन करने वाले भारी वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने प्रतिबंधित समय में प्रवेश करने वाले तीन हाईवा वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 15 हजार रुपये का चालान किया। वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशानुसार बंधौरा पावर प्लांट से बरगवां तक मुख्य मार्ग पर सुबह 7 बजे से 10 बजे तक तथा शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है।

नागरिकों की सुरक्षा, उत्तम स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है : सविता

मानसून के मद्देनजर ननि आयुक्त के निर्देशानुसार ननि के सभी वार्डों में स्वच्छता अभियान तेज

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 12 जून। ननि आयुक्त सविता प्रधान के निर्देशानुसार मानसून के आगमन पर वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर भर में स्वच्छता अभियान को युद्धस्तर पर तेज कर दिया गया है।

वर्षा काल के दौरान संभावित जलभराव की स्थिति से निपटने और मौसमी बीमारियों जैसे डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए निगम प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी तारतम्य में निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी के द्वारा वार्डों में पहुंचकर साफ-

सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। अभियान के तहत सर्वप्रथम वार्ड क्रमांक 12 सिम्प्लेक्स कॉलोनी, जयंत का दौरा किया गया, जहां स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद कर जलभराव वाले संभावित बिंदुओं की पहचान की गई। साथ ही सफाई अमले को पाबंद किया गया कि मानसून की भारी बारिश से पहले क्षेत्र की सभी छोटी-बड़ी नालियों के अवरोध ब्लॉक को पूरी तरह हटा दिया जाए ताकि पानी की निकासी सुगम हो सके। वहीं ननि आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून के दौरान नागरिकों की सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए सभी स्वच्छता निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैद रहें।